XII . 2009

Series SSO/2

Code No. 58/2/1
कोड नं.

Roll No.
रोल नं.

Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.
परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

- Please check that this question paper contains **11** printed pages.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **32** questions.
- **Please write down the Serial Number of the question before attempting it.**
- 15 minutes time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the student will read the question paper only and will not write any answer on the answer script during this period.
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **11** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **32** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जायेगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

ECONOMICS
अर्थशास्त्र

Time allowed : 3 hours | *Maximum Marks : 100*

निर्धारित समय : 3 घण्टे | *अधिकतम अंक : 100*

General Instructions :

(i) *All questions in both the sections are compulsory.*

(ii) *Marks for questions are indicated against each.*

(iii) *Questions No.* ***1 – 5*** *and* ***17 – 21*** *are very short-answer questions carrying* ***1*** *mark each. They are required to be answered in* ***one sentence*** *each.*

(iv) *Questions No.* ***6 – 10*** *and* ***22 – 26*** *are short-answer questions carrying* ***3*** *marks each. Answers to them should normally not exceed* ***60*** *words each.*

(v) *Questions No.* ***11 – 13*** *and* ***27 – 29*** *are also short-answer questions carrying* ***4*** *marks each. Answers to them should normally not exceed* ***70*** *words each.*

(vi) *Questions No.* ***14 – 16*** *and* ***30 – 32*** *are long-answer questions carrying* ***6*** *marks each. Answers to them should normally not exceed* ***100*** *words each.*

(vii) *Answers should be brief and to the point and the above word limits should be adhered to as far as possible.*

सामान्य निर्देश :

(i) दोनों खण्डों के सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।

(ii) प्रत्येक प्रश्न के निर्धारित अंक उसके सामने दिए गए हैं ।

(iii) प्रश्न संख्या **1 – 5** तथा **17 – 21** अति लघूत्तरात्मक प्रश्न हैं, जिनमें प्रत्येक का **1** अंक है । इनका उत्तर केवल **एक वाक्य** में ही अपेक्षित है ।

(iv) प्रश्न संख्या **6 – 10** और **22 – 26** लघूत्तरात्मक प्रश्न हैं, जिनमें प्रत्येक के **3** अंक हैं । प्रत्येक का उत्तर सामान्यतः **60** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।

(v) प्रश्न संख्या **11 – 13** और **27 – 29** भी लघूत्तरात्मक प्रश्न हैं, जिनमें प्रत्येक के **4** अंक हैं । प्रत्येक का उत्तर सामान्यतः **70** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।

(vi) प्रश्न संख्या **14 – 16** और **30 – 32** व्याख्यात्मक उत्तर वाले प्रश्न हैं, जिनमें प्रत्येक के **6** अंक हैं । प्रत्येक का उत्तर सामान्यतः **100** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।

(vii) उत्तर संक्षिप्त तथा तथ्यात्मक होने चाहिए तथा यथासंभव ऊपर दी गई सीमा के अंतर्गत ही दिए जाने चाहिए ।

SECTION A
खण्ड अ

1. Why does an economic problem arise ? *1*
आर्थिक समस्या क्यों उत्पन्न होती है ?

2. When is the demand of a commodity said to be elastic ? *1*
एक वस्तु की माँग को लोचदार कब कहा जाता है ?

3. Define variable costs. *1*
परिवर्ती लागतों की परिभाषा दीजिए ।

4. What causes an upward movement along a supply curve ? *1*
पूर्ति वक्र पर ऊपर की ओर जाने का क्या कारण है ?

5. Define marginal revenue. *1*
सीमान्त संप्राप्ति की परिभाषा दीजिए ।

6. Explain the problem of 'how to produce'. *3*
'कैसे उत्पादन करें' की समस्या समझाइए ।

7. Explain the law of supply with the help of a supply schedule. *3*
एक पूर्ति अनुसूची की सहायता से पूर्ति के नियम की व्याख्या कीजिए ।

8. Draw a straight line demand curve and show on it a point at which

(i) price elasticity of demand > 1

(ii) price elasticity of demand < 1

(iii) price elasticity of demand = 1 *3*

एक सीधी रेखा वाला माँग वक्र खींचिए और उस पर एक बिन्दु दिखाइए जिस पर

(i) माँग की कीमत लोच > 1

(ii) माँग की कीमत लोच < 1

(iii) माँग की कीमत लोच = 1

For Blind Candidates only in lieu of Q. No. 8

केवल दृष्टिहीन परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 8 के स्थान पर

What is meant by price elasticity of demand ? If elasticity of demand of a commodity is less than 1, what will be the effect of a fall in its price on total expenditure on it ? Explain. *3*

माँग की कीमत लोच का क्या अर्थ है ? यदि एक वस्तु की माँग की लोच 1 से कम है, तो उसकी कीमत घटने का उस पर होने वाले व्यय पर क्या प्रभाव पड़ेगा ? समझाइए ।

9. Explain consumer's equilibrium in case of a single commodity, through the utility approach. *3*

OR

Explain the law of diminishing marginal utility with the help of a utility schedule. *3*

उपयोगिता दृष्टिकोण की सहायता से एक वस्तु की स्थिति में उपभोक्ता संतुलन समझाइए ।

अथवा

एक उपयोगिता अनुसूची की सहायता से ह्रासमान सीमान्त उपयोगिता नियम की व्याख्या कीजिए ।

10. How is the supply of a commodity affected by changes in the prices of other commodities ? Explain. *3*

अन्य वस्तुओं की कीमतों में परिवर्तनों से एक वस्तु की पूर्ति कैसे प्रभावित होती है ? समझाइए ।

11. Explain with the help of a total product curve the meaning of increasing returns to a factor. *4*

कारक के वर्धमान (बढ़ते) प्रतिफल का अर्थ एक कुल उत्पाद वक्र की सहायता से समझाइए ।

For Blind Candidates only in lieu of Q. No. 11

केवल दृष्टिहीन परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 11 के स्थान पर

Explain the meaning of increasing returns to a factor with the help of a total product schedule. *4*

कुल उत्पाद अनुसूची की सहायता से कारक के वर्धमान प्रतिफल का अर्थ समझाइए ।

12. The ratio of elasticity of supply of commodities A and B is 1 : 1·5. 20 percent fall in price of A results in a 40 percent fall in its supply. Calculate the percentage increase in supply of B if its price rises from Rs. 10 per unit to Rs. 11 per unit. *4*

A और B वस्तुओं की पूर्ति की लोच का अनुपात 1 : 1·5 है । A की कीमत 20 प्रतिशत घटने से उसकी पूर्ति 40 प्रतिशत घटती है । यदि B की कीमत 10 रु. प्रति इकाई से बढ़कर 11 रु. प्रति इकाई होती है तो उसकी पूर्ति में होने वाली प्रतिशत वृद्धि का परिकलन कीजिए ।

13. Explain "large number of buyers and sellers" feature of perfect competition. *4*

OR

Explain "freedom of entry and exit to firms" feature of perfect competition. *4*

पूर्ण प्रतियोगिता की "बड़ी संख्या में क्रेता और विक्रेता" विशेषता समझाइए ।

अथवा

पूर्ण प्रतियोगिता की "फर्मों को प्रवेश और निकास की स्वतंत्रता" विशेषता समझाइए ।

14. Giving reasons, state whether the following statements are *true* or *false* : *6*

(i) A producer is in equilibrium when total cost and total revenue are equal.

(ii) The difference between average total cost and average variable cost decreases with decrease in the level of output.

(iii) When marginal cost rises, average cost will also rise.

कारण देते हुए बताइए कि निम्नलिखित कथन *सही* हैं या *गलत* :

(i) जब कुल लागत और कुल संप्राप्ति बराबर होते हैं तो उत्पादक संतुलन की स्थिति में होता है ।

(ii) उत्पादन का स्तर घटने पर औसत कुल लागत और औसत परिवर्ती लागत का अन्तर घटता है ।

(iii) जब सीमान्त लागत बढ़ती है, तो औसत लागत भी बढ़ेगी ।

15. Explain three causes of a shift in demand curve of a commodity. *6*

OR

Explain the difference between 'decrease in demand', and 'decrease in quantity demanded' with the help of a demand schedule. Give two causes of a decrease in demand. *6*

एक वस्तु के माँग वक्र के खिसकने के तीन कारणों की व्याख्या कीजिए ।

अथवा

एक माँग अनुसूची की सहायता से 'माँग में कमी' और 'माँग-मात्रा में कमी' का अन्तर समझाइए । माँग में कमी के दो कारण बताइए ।

16. Define equilibrium price. How is it determined ? Explain with the help of a schedule. *6*

संतुलन कीमत की परिभाषा दीजिए । यह कैसे निर्धारित की जाती है ? एक अनुसूची की सहायता से समझाइए ।

SECTION B

खण्ड ब

17. Can the value of average propensity to save be negative ? If yes, when ? *1*

क्या औसत बचत प्रवृत्ति का मूल्य ऋणात्मक हो सकता है ? यदि हाँ, तो कब ?

18. Why is income tax a direct tax ? *1*

आय कर प्रत्यक्ष कर क्यों होता है ?

19. What is the relationship between marginal propensity to save and multiplier ? *1*

सीमान्त बचत प्रवृत्ति और गुणक में क्या सम्बन्ध होता है ?

20. Give the meaning of deflationary gap. *1*

अवस्फीतिक अन्तराल का अर्थ बताइए ।

21. Give the meaning of demand deposits of commercial banks. *1*

वाणिज्यिक बैंकों की माँग जमाओं का अर्थ बताइए ।

22. Calculate net value added at factor cost from the following data : 3

(Rs. is crores)

(i)	Purchase of machinery to be used in the production unit	100
(ii)	Sales	200
(iii)	Intermediate costs	90
(iv)	Indirect taxes	12
(v)	Change in stock	10
(vi)	Excise duty	6
(vii)	Stock of raw material	5

निम्नलिखित आँकड़ों से कारक लागत पर निवल वर्धित मूल्य का परिकलन कीजिए :

(रु. करोड़ों में)

(i)	उत्पादन इकाई में प्रयोग के लिए खरीदी गई मशीन	100
(ii)	बिक्री	200
(iii)	मध्यवर्ती लागतें	90
(iv)	अप्रत्यक्ष कर	12
(v)	स्टॉक में परिवर्तन	10
(vi)	उत्पादन शुल्क	6
(vii)	कच्चे माल का स्टॉक	5

23. Explain any two functions of a commercial bank. 3

OR

Explain any two functions of a central bank. 3

एक वाणिज्यिक बैंक के किन्हीं दो कार्यों की व्याख्या कीजिए ।

अथवा

एक केन्द्रीय बैंक के किन्हीं दो कार्यों की व्याख्या कीजिए ।

24. Complete the following table : *3*

Income	Consumption	Marginal Propensity to Save	Average Propensity to Consume
0	12		
20	26	---	---
40	40	---	---
60	54	---	---

निम्नलिखित तालिका को पूरा कीजिए :

आय	उपभोग	सीमांत बचत प्रवृत्ति	औसत उपभोग प्रवृत्ति
0	12		
20	26	---	---
40	40	---	---
60	54	---	---

25. List the types of transactions that are recorded in the current account of balance of payments account. *3*

भुगतान संतुलन खाते के चालू खाते में अभिलेखन किए जाने वाले सौदों के प्रकारों की सूची बनाइए ।

26. How can a government budget help in reallocation of resources in an economy ? Explain. *3*

एक अर्थव्यवस्था में संसाधनों का पुनः आबंटन करने में सरकारी बजट कैसे सहायक हो सकता है ? समझाइए ।

27. Explain two merits and two demerits of fixed foreign exchange rate. *4*

स्थिर विदेशी विनिमय दर के दो गुणों और दो अवगुणों की व्याख्या कीजिए ।

28. Explain the basis of classifying government receipts into revenue receipts and capital receipts. Give two examples of each. *4*

OR

Explain the meaning and implications of fiscal deficit. *4*

सरकारी प्राप्तियों को राजस्व प्राप्तियों और पूँजीगत प्राप्तियों में वर्गीकृत करने के आधार की व्याख्या कीजिए । प्रत्येक के दो उदाहरण दीजिए ।

अथवा

राजकोषीय घाटे के अर्थ और प्रभावों की व्याख्या कीजिए ।

29. State any two problems of barter system of exchange. How does money solve them ? *4*

वस्तु विनिमय प्रणाली की कोई दो समस्याएँ बताइए । मुद्रा इनका समाधान कैसे करती है ?

30. While calculating national income of India from its domestic factor income, how will you treat the following ? Give reasons for your answer. *6*

(i) Salaries received by Indians working in branches of foreign banks in India.

(ii) Profits earned by an Indian bank from its branches abroad.

(iii) Rent paid by embassy of Japan in India to an Indian resident.

भारत की देशीय कारक आय से राष्ट्रीय आय का परिकलन करते समय आप निम्नलिखित के साथ क्या व्यवहार करेंगे ? अपने उत्तर के लिए कारण दीजिए ।

(i) विदेशी बैंकों की भारत में शाखाओं में कार्यरत भारतीयों को प्राप्त वेतन ।

(ii) एक भारतीय बैंक का अपनी विदेशी शाखाओं से अर्जित लाभ ।

(iii) भारत में जापान के दूतावास द्वारा एक भारतीय निवासी को दिया गया किराया ।

31. $C = 100 + 0{\cdot}75\ Y$ is a consumption function (where C = consumption expenditure and Y = national income) and investment expenditure is 800. On the basis of this information calculate : *6*

(i) equilibrium level of national income

(ii) savings at equilibrium level of national income

OR

In an economy, aggregate demand is less than aggregate supply. Is the economy in equilibrium ? If not, explain the changes that will bring the economy in equilibrium. *6*

$C = 100 + 0{\cdot}75\ Y$ एक उपभोग फलन है (जहाँ C = उपभोग व्यय तथा Y = राष्ट्रीय आय) और निवेश व्यय 800 है । इस सूचना के आधार निम्नलिखित का परिकलन कीजिए :

(i) राष्ट्रीय आय का संतुलित स्तर

(ii) राष्ट्रीय आय के संतुलित स्तर पर बचत

अथवा

एक अर्थव्यवस्था में समग्र माँग समग्र पूर्ति से कम है । क्या अर्थव्यवस्था संतुलन की स्थिति में है ? यदि नहीं, तो उन परिवर्तनों की व्याख्या कीजिए जो इसे संतुलन की स्थिति में लाएँगे ।

32. From the following data, calculate "national income" by (i) income method and (ii) expenditure method. *6*

		(Rs. in crores)
(i)	Net domestic capital formation	360
(ii)	Interest	200
(iii)	Rent	300
(iv)	Private final consumption expenditure	1300
(v)	Government final consumption expenditure	730
(vi)	Net exports	(–) 20
(vii)	Net indirect taxes	70
(viii)	Net current transfers from rest of the world	80
(ix)	Consumption of fixed capital	60
(x)	Net factor income from abroad	(–) 50
(xi)	Profits	600
(xii)	Compensation of employees	1200

निम्नलिखित आँकड़ों से (i) आय विधि, और (ii) व्यय विधि द्वारा ''राष्ट्रीय आय'' का परिकलन कीजिए :

		(रु. करोड़ों में)
(i)	निवल देशीय पूँजी निर्माण	360
(ii)	ब्याज	200
(iii)	किराया	300
(iv)	निजी अन्तिम उपभोग व्यय	1300
(v)	सरकारी अन्तिम उपभोग व्यय	730
(vi)	निवल निर्यात	(–) 20
(vii)	निवल अप्रत्यक्ष कर	70
(viii)	शेष विश्व से निवल पूँजीतर हस्तांतरण	80
(ix)	स्थिर पूँजी का उपभोग	60
(x)	विदेशों से निवल कारक आय	(–) 50
(xi)	लाभ	600
(xii)	कर्मचारियों का पारिश्रमिक	1200